भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 116

उत्तर देने की तारीख: 29.11.2021

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021

†116. श्री राहुल रमेश शेवाले:

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:

श्री चंद्र शेखर साहू:

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का पहला राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) 2021 हाल ही में आयोजित और पूरा किया गया है;

(ख) यदि हां, तो उक्त सर्वेक्षण का परिणाम क्या है;

(ग) छात्रों की शिक्षा पर विद्यालय बंद होने के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए, विशेषकर लॉकडाउन से पहले और बाद की शिक्षा प्रणाली का ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(ड.) क्या एनएएस-2021 के परिणामों को जिला रिपोर्ट कार्ड, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की रिपोर्ट और राष्ट्रीय रिपोर्ट के रूप में तैयार किया जाएगा; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (च): भारत सरकार 2001 से तीन वर्ष की आवर्ती अवधि में समग्र शिक्षा के तहत कक्षा III, V, VIII और X को लक्षित करके नमूना आधारित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) का एक रोलिंग कार्यक्रम का कार्यान्वयन कर रही है।

एनएएस 2021 का आयोजन दिनांक 12.11.2021 किया गया है और इसमें (क) सरकारी स्कूल (केंद्र सरकार और राज्य सरकार); (ख) सरकारी सहायता-प्राप्त स्कूल; और (ग) गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल शामिल हैं।

एनएएस 2021 का उद्देश्य शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता के संकेतक के रूप में बच्चों की प्रगति और अधिगम क्षमताओं का मूल्यांकन करना है। उचित स्तरों पर परिणामों के विश्लेषण और उपचारात्मक कार्रवाई को सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और जिला रिपोर्ट कार्ड जारी किए जाते हैं।

****